दिनांकः 05.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण में पंच और सरपंच पदों के लिए मतदान जारी–नतीजे, आज देर रात तक आने की संभावना।
- केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव जयपुर दौरे पर–लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल होंगे।
- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधा कृष्णन आज नई दिल्ली में राजस्थान को नवीकरणीय ऊर्जा मूल्यांकन तंत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राष्ट्रीय पुरूस्कार प्रदान करेंगे।

और

- राज्य सरकार, सब्सिडी वाले उर्वरकों के गैर–कृषि कार्यों में उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

.....

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण में आज 27 जिलों की ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच पदों के लिए मतदान हो रहा है। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चलेगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और आज ही नतीजे घोषित किए जाएंगे। इससे पहले कल नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई है।

.....

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज अपने एक दिवसीय दौरे पर जयपुर रहेंगे। वे भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' के तहत आयोजित पदयात्रा और जनसभा में शामिल होंगे। जयपुर सांसद और कार्यक्रम संयोजक मंजू शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सतीश पूनिया भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। ये पद यात्रा सुबह 11 बजे से रामनिवास बाग स्थित रामलीलामैदान से शुरू होकर चौड़ा रास्ता होते हुए त्रिपोलिया गेट तक पहुंचेगी इससे पहले रामलीला मैदान में जनसभा भी प्रस्तावित है। पदयात्रा से पहले केन्द्रीय मंत्री का मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

.....

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल जयपुर स्थित वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मंत्रालय के देशभर में स्थित कार्यालयों को आधुनिक, पारदर्शी और जनसुविधा के अनुकूल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के एकीकरण, डिजिटलीकरण और फेसलेस मूल्यांकन से कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। श्री गोयल ने कार्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और दिव्यांगजनों के अनुकूलव्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

.....

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान ने देश के अग्रणी राज्यों में अपनी स्थिति और मजबूत की है। प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मूल्यांकन तंत्र के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों

में चुना गया है। इस उपलब्धि के लिए आज नई दिल्ली में आयोजित भारत अक्षय ऊर्जा समिट और एक्सपो–2026 के समापन सत्र में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन राजस्थान को सम्मानित करेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि प्रदेश में अब तक 51 दशमलव छह गीगावाट अक्षय ऊर्जा और 45 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है। राजस्थान सौर ऊर्जा क्षमता और पीएम–कुसुम योजना के क्रियान्वयन में देश में पहले स्थान पर है।

.....

प्रदेश में अक्टूबर 2026 में जीएसटी लागू होने के बाद अब तक का सबसे अधिक मासिक जीएसटी और वैट राजस्व संग्रहण दर्ज किया है। अक्टूबर में सात हजार 47 करोड़ 27 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो मार्च 2026 के पिछले रिकॉर्ड से 220 करोड़ 67 लाख रुपये अधिक है। पिछले वर्ष अक्टूबर की तुलना में इस बार राजस्व संग्रहण में 11 दशमलव 79 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। कर विभाग के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर तक कुल 44 हजार 34 करोड़ 9 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। विभाग ने इस उपलब्धि का श्रेय नियमित समीक्षा, कर अनुपालन बढ़ाने और कर चोरी पर अंकुश लगाने के प्रयासों को दिया है।

.....

राज्य सरकार ने किसानों के लिए अनुदानित यूरिया और डी.ए.पी. की कालाबाजारी, अवैध भंडारण तथा औद्योगिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि सब्सिडी वाले उर्वरकों का गैर–कृषि कार्यों में उपयोग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दोषियों को तीन महीने से सात वर्ष तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। अवैध परिवहन में इस्तेमाल वाहनों को भी जब्त किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों को हर महीने गैर–अनुदानित यूरिया की खरीद और उत्पादन का विवरण देना होगा। अनियमितताओं पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही भी तय की जाएगी।

.....

दीपावली के त्योहार पर दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए जयपुर डेयरी ने सरस मोबाईल लैब शुरू की है। यह लैब ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध समितियों तक पहुंचकर मौके पर ही दूध की निशुल्क जांच कर रही है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि प्रयोगशाला में डेनमार्क से आयातित अत्याधुनिक एफटीआईआर मशीन लगाई गई है। यह मशीन एक ही जांच में दूध के फैट, एसएनएफ, प्रोटीन और लैक्टोज सहित 24 मानकों की जांच करती है। इस पहल से ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को दूध की गुणवत्ता की तत्काल जानकारी मिल सकेगी और उपभोक्ताओं तक शुद्ध दूध पहुंचाने में मदद मिलेगी।

.....

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पांच साल बाद नामांकन में रिकॉर्ड बढोतरी दर्ज की गई है। इस वर्ष जुलाई तक कुल नामांकन बढ़कर 72 लाख 98 हजार 854 हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 48 हजार अधिक है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, 'राजस्थान शिक्षा सेतु अभियान' के तहत शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, बेहतर शैक्षणिक परिणाम और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहन देने के लिए 'स्टार टीचर' पहल शुरू की गई है। इसके तहत प्रदेश के आठ सरकारी विद्यालयों के 15 शिक्षकों को पहले चरण में सम्मानित किया गया है। इस पहल के तहत अब हर महीने उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया जाएगा।

.....

अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला इस वर्ष 10 नवम्बर से शुरू होगा। मेले की आहट के साथ ही पुष्कर के रेतीले धोरों में रौनक बढने लगी है। देश के विभिन्न राज्यों से पशुओं की खरीद–फरोख्त के लिए पशुपालकों और व्यापारियों का पहुंचना शुरू हो गया है। रंग–बिरंगे तंबुओं, सजे–धजे ऊंटों और घोड़ों की मौजूदगी से मेला क्षेत्र में धीरे–धीरे पारंपरिक पशु मेले का नजारा दिखने लगा है। 26 नवम्बर तक चलने वाले इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी, साथ ही बीस नवंबर से शिल्पग्राम में फूड एंड क्राफ्ट महोत्सव शुरू होगा। जिला प्रशासन मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए तैयारियों में जुटा है। जिला कलक्टर लोकबंधु ने संबंधित विभागों को समयबद्ध व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

.....